समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Monday, 21 September 2026

# WTC 2025 फाइनल ड्रा हुआ तो किसे मिलेगी ट्रॉफी ? जानिए रिजर्व डे और विजेता तय करने के नियम।

Publisher

Published on 11 Jun 2025




## साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो रहे वर्ल्ड टेस्ट चैपिंयनशिप फाइनल मे मौसम बनेगा बाधा, जानिए अगर मैच ड्रा हुआ तो कौन बनेगा विजेता।

**स्पोर्ट्स डेस्क : आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैपिंयनशिप 2025** का फाइनल मुकाबला आज यानी **11 जून से क्रिकेट** के मक्का **लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड** पर शुरू हो चुका है। मुकाबला **साउथ अफ्रीका** और **ऑस्ट्रेलिया** के बीच है, लेकिन इस ऐतिहासिक मैच में मौसम बड़ा फैक्टर साबित हो सकता है। शुक्रवार और रविवार को तेज बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि अगर मैच ड्रा हो गया, तो **WTC 2025 ट्रॉफी** किसे मिलेगी ?

**लॉर्ड्स मे बारिश का खतरा, रिजर्व डे होगा महत्वपूर्ण**
लंदन के मौसम विभाग के मुताबिक, **शुक्रवार (14 जून) और रविवार (16 जून)** को तेज बारिश के आसार हैं।

पहले दिन का खेल सामान्य रहने की संभावना है, लेकिन इंग्लैंड के **अनप्रेडिक्टेबल मौसम** को देखते हुए कोई भी दिन बाधित हो सकता है।

**इसलिए आईसीसी ने 16 जून (रविवार) को रिजर्व डे के रूप मे रंखा है।**
हालांकि यह दिन तभी उपयोग होगा जब पांच दिन के भीतर ओवरों का पूरा कोटा पूरा नहीं हो पाए या खेल बाधित हो जाए। यदि तय पांच दिनों में पूरा खेल हो गया (भले ही मैच ड्रा क्यों ना हो), तो रिजर्व डे का उपयोग नहीं किया जाएगा।

**अगर WTC Final ड्रा हुआ तो क्या होगा ?**

सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है – अगर मैच ड्रा हुआ तो ट्रॉफी किसे मिलेगी ?

इसका जवाब ICC के नियमों में है:

१. **अगर डब्ल्यूटीसी फाइनल ड्रा या टाई पर समाप्त होता है, तो दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा।**

२. **ट्रॉफी दोनों टीमों मे सांझा होगी।**

३. **इनामी राशि भी बराबर बांटी जाएगी।**

**ऑस्ट्रेलिया vs ?? साउथ अफ्रीका – किसका क्या दांव ?**

१. **ऑस्ट्रेलिया की नजरे अपने दूसरे WTC खिताब पर है।**

२. **कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई मे टीम अपने अनुभव और मजबूत गेदंबाजी आक्रमण के बल पर उतरी है।**

३. **दूसरी ओर, साउथ अफ्रीका पहली बार फाइनल मे पंहुंची है और तेम्बा बावुमा के नेतृत्व मे टीम अपने पहले ICC खिताब के लिए बेताब है।**

कितनी मिलेगी प्राइज मनी ?

१. **विजेता टीम को : ₹30.79 करोड़ (लगभग)**

२. **रनर-अप को : ₹18.47 करोड़ (लगभग)**

३. **अगर मैच ड्रा हुआ तो यह राशि भी दोनों टीमों मे बंराबर बांटी जाएगी।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.